प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

18.45 मंगलवार दिनांक 28.01.2025

मुख्य समाचारः—

- प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव के तहत नामांकन जमा करने का आज अंतिम दिन—कल होगी नामांकन पत्रों की जांच।

- स्वास्थ्य विभाग ने लंबे समय से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित सत्ताईस चिकित्सा अधिकारियों और विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं समाप्त कर दी हैं।

- छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने प्रदेश के स्कूलों में शौचालय की स्थिति को लेकर नाराजगी जताई—सचिव स्कूल शिक्षा को जारी किया नोटिस।

- प्रयागराज के महाकुंभ में कल मौनी अमावस्या के अवसर पर दूसरा अमृत स्नान होगा।

नगरीय निकाय चुनाव—नामांकन
प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव के तहत नामांकन जमा करने का आज अंतिम दिन था। आज प्रदेश के विभिन्न नगरीय निकायों में भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के महापौर, अध्यक्ष तथा पार्षद प्रत्याशियों के अलावा अन्य दलों और निर्दलीय उम्मीदवारों ने भी अपने नामांकन दाखिल किए।

रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, जगदलपुर सहित उन सभी दस नगर निगमों में कांग्रेस और भाजपा के महापौर पद के प्रत्याशियों ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ रैली की शक्ल में जिला निर्वाचन कार्यालय पहुंचकर नामांकन दाखिल किया।

नामांकन पत्रों की जांच कल उनतीस जनवरी को की जाएगी। अभ्यर्थियों द्वारा इकतीस जनवरी तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। मतदान ग्यारह फरवरी को होगा। मतगणना और चुनाव परिणाम की घोषणा पंद्रह फरवरी को की जाएगी।

भाजपा—चुनाव संचालक नियुक्ति
इस बीच, भारतीय जनता पार्टी ने नगरीय निकाय चुनाव के मद्देनजर सांसद, मंत्रियों, पूर्व मंत्रियों और नेताओं को जिम्मेदारी सौंपी है। इसके लिए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने प्रदेश के सभी दस नगर निगमों में चुनाव संचालकों और समन्वयकों की सूची जारी की है। रायपुर में चुनाव संचालन की जिम्मेदारी सांसद बृजमोहन अग्रवाल और पूर्व मंत्री राजेश मूणत को दी गई है।

इसी तरह, बिलासपुर में अमर अग्रवाल और धरमजीत सिंह चुनाव संचालन करेंगे। वहीं, मंत्री विजय शर्मा, गजेन्द्र यादव और राजीव अग्रवाल दुर्ग में चुनाव संचालन का जिम्मा संभालेंगे। कोरबा में मंत्री लखनलाल देवांगन और विकास रंजन महतो को चुनाव संचालक बनाया गया है। राजेश अग्रवाल, प्रबोध मिंज और प्रशांत त्रिपाठी अंबिकापुर में चुनाव संचालन करेंगे। इसके अलावा चिरमिरी में मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल और पूर्व मंत्री भैयालाल राजवाड़े मोर्चा संभालेंगे। धमतरी में पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर और राजेन्द्र शर्मा की निगरानी में चुनाव संचालन होगा। वहीं, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह और संतोष अग्रवाल राजनांदगांव में चुनाव संचालन करेंगे। जगदलपुर में चुनाव संचालन का जिम्मा मंत्री केदार कश्यप, शरद अवस्थी और श्रीनिवास राव को सौंपा गया है, तो वहीं रायगढ़ में मंत्री ओ.पी. चौधरी और विजय अग्रवाल निकाय चुनाव का संचालन करेंगे।

प्रत्याशी चयन–असंतोष

नगरीय निकाय चुनाव में टिकट वितरण और प्रत्याशियों की घोषणा के बाद भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस में कई स्थानों पर असंतोष के भी स्वर उभरे हैं। दोनों ही पार्टियों में कई स्थानों पर टिकट की अपेक्षा करने वाले नेताओं और कार्यकर्ताओं ने वरिष्ठ नेताओं के सामने अपनी नाराजगी जताई है। कुछ जगहों पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने इस्तीफा दे दिया है और दल–बदल भी कर लिया है।

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता केदार गुप्ता ने आकाशवाणी समाचार से बात करते हुए कहा कि नामांकन वापस लेने के अंतिम दिन तक पार्टी सभी असंतुष्टों को मना लेगी।

वहीं, कांग्रेस के मीडिया प्रभारी सुशील आनंद शुक्ला ने बताया कि कांग्रेस में टिकट के कुछ दावेदारों में असंतोष जरूर है, लेकिन उन्हें मना लिया जाएगा।

पंचायत चुनाव–नामांकन

प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत तीनों चरणों के लिए नामांकन पत्र भरने की प्रक्रिया चल रही है। उम्मीदवार तीन फरवरी तक नामांकन पत्र जमा कर सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच चार फरवरी को की जाएगी। नाम वापसी की अंतिम तिथि छह फरवरी है। संबंधित त्रिस्तरीय पंचायतों में तीन चरणों में – सत्रह, बीस और तेईस फरवरी को वोट डाले जाएंगे और इसी दिन मतदान केन्द्रों में मतगणना होगी। आवश्यक होने पर खंड मुख्यालय पर वोटों की गिनती अट्ठारह, इक्कीस और चौबीस फरवरी को की जाएगी।

चिकित्सा अधिकारी–सेवा समाप्त

स्वास्थ्य विभाग ने लंबे समय से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित सत्ताईस चिकित्सा अधिकारियों और विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं समाप्त कर दी हैं। साथ ही इक्कीस चिकित्सा अधिकारियों के विरूद्ध विभागीय जांच के आदेश जारी किए गए हैं। इन चिकित्सा अधिकारियों और विशेषज्ञ चिकित्सकों ने तीन वर्षों से अधिक समय तक अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहते हुए छत्तीसगढ़ सिविल सेवा अवकाश नियम का उल्लंघन किया था।

उत्तराखंड–राष्ट्रीय खेल

उत्तराखंड में आज से राष्ट्रीय खेल शुरू हो रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज शाम देहरादून में इस भव्य खेल आयोजन का उद्घाटन कर रहे हैं। अड़तीसवें राष्ट्रीय खेलों के तहत उत्तराखंड के आठ जिलों के बारह शहरों में पैंतीस खेलों का आयोजन किया जाएगा। इन खेलों में पूरे देश के करीब दस हजार से ज्यादा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं।

छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के महासचिव विक्रम सिसोदिया ने बताया कि प्रदेश से करीब दो सौ तीस खिलाड़ी इन खेलों में शामिल हो रहे हैं।

हाईकोर्ट–स्कूल शौचालय

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने प्रदेश के स्कूलों में शौचालय नहीं होने और दुर्दशा को लेकर नाराजगी जताई है। स्वतः संज्ञान वाली जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान उच्च न्यायालय ने स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव को नोटिस जारी कर शपथ पत्र के साथ जवाब पेश करने का निर्देश दिया है। इस मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा और न्यायाधीश रविंद्र अग्रवाल की डिवीजन बेंच में हुई। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि स्कूलों में शिक्षकों और विद्यार्थियों के लिए बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध क्यों नहीं कराई जा रही है। इस मामले की अगली सुनवाई अब दस फरवरी को होगी।

युवा आदान–प्रदान कार्यक्रम

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के अंतर्गत नेहरू युवा केन्द्र संगठन तथां केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा संचालित 'युवा आदान–प्रदान कार्यक्रम' के तहत कश्मीर के युवाओं ने आज राजभवन में राज्यपाल रमेन डेका से मुलाकात की।

श्रीनगर, कुपवाड़ा, बारामुला, अनंतनाग, पुलवामा और बड़गांव के स्कूलों और महाविद्यालयों में अध्ययनरत एक सौ बत्तीस युवा, छब्बीस जनवरी से छत्तीसगढ़ के छह दिवसीय भ्रमण पर हैं। अपने भ्रमण के दौरान वे छत्तीसगढ़ विधानसभा सहित धमतरी जिले में गंगरेल बांध, एडवेंचर पार्क और यूथ क्लब आदि स्थानों का भ्रमण करेंगे। इसी कड़ी में युवाओं के अध्ययन दल ने राजभवन पहुंचकर राज्यपाल रमेन डेका से मुलाकात की। इस अवसर पर राज्यपाल ने कह कि जम्मू–कश्मीर में उद्योग और व्यवसाय के क्षेत्र में अपार संभावनाएं है। युवा विभिन्न क्षेत्रों में स्टार्टअप के लिए आगे आएं। कश्मीर के युवा, अमन–शांति के लिए कार्य करें और वर्ष दो हजार सैंतालीस तक विकसित भारत बनाने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सपने को साकार करने के लिए अपना योगदान दें।

महाकुंभ–अमृत स्नान

प्रयागराज के महाकुंभ में कल उनतीस जनवरी को मौनी अमावस्या के अवसर पर दूसरा अमृत स्नान होगा। इस दिन अमृत स्नान बहुत शुभ माना जाता है। पहला अमृत स्नान चौदह जनवरी को मकर संक्रांति के दिन हुआ था। महाकुंभ में मौनी अमावस्या के अवसर लाखों श्रद्धालु आते हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए मेला प्रशासन और पुलिस ने व्यापक इंतजाम किए हैं।

राज्यपाल–गरियाबंद

राज्यपाल रमेन डेका ने कल गरियाबंद प्रवास के दौरान जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार और सुपोषण से जुड़ी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की जानकारी ली। राज्यपाल ने जिले में कौशल विकास के अंतर्गत किये जा रहे कार्यों की जानकारी लेकर महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए आजीविकामूलक गतिविधियों में संलग्न करने की बात कही। उन्होंने जिले में अवैध नशीले पदार्थों की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान की जानकारी लेकर मादक पदार्थों के रोकथाम के लिए अधिकारियों को विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए।

अपने प्रवास के दौरान राज्यपाल ने गरियाबंद लाईवलीहुड कॉलेज का अवलोकन भी किया।

संक्षिप्त समाचार

- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंजाब केसरी लाला लाजपत राय की जयंती पर उन्हें नमन किया है।

- सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत सक्ती जिले की पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने बाराद्वार थाना के कर्मचारी और अधिकारियों को हेलमेट का वितरण किया।

- धमतरी जिले में ईव्हीएम की सुरक्षा में स्ट्रांग रूम में तैनात आरक्षक सालिक राम पात्रे ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली है।

- कोरबा जिले के राजकंमा गांव में बीती रात हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई है। जबकि, दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

- बेमेतरा जिले के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालयों के सहायक शिक्षक पदों की साक्षात्कार तिथि में संशोधन किया गया है। अब साक्षात्कार बारह, तेरह और चौदह फरवरी को किए जाएंगे।

- मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के असर से प्रदेश के तापमान में एक फरवरी तक वृद्धि होने की संभावना है।